# राष्ट्रीय रामायण महोत्सव का शुभारंभ आज, मुख्यमंत्री जिलेवासियों को देंगे 465 करोड़ से अधिक लागत की विभिन्न कार्यों की सौगात

- धरमजयगढ़ एवं पुसौर में बने हमर लैब का होगा लोकार्पण
- जिला ग्रन्थालय के उन्नयन का मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करेंगे लोकार्पण
- जिला चिकित्सालय में धनवंतरी जेनेरिक दवा दुकान का होगा शुभारंभ
- मुख्यमंत्री युवा केंद्र, घरघोड़ा के उन्नयन कार्यों का भी होगा लोकार्पण
- जिला परिवहन कार्यालय का करेंगे भूमिपूजन





**रायगढ़।** रायगढ़ के रामलीला मैदान में 01 से 03 जून तक राष्ट्रीय रामायण महोत्सव का विराट आयोजन होने जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल महोत्सव के शुभारंभ समारोह के लिए 01 जून को रायगढ़ पहुंचेंगे। वे यहां रामायण महोत्सव में शामिल होने के पूर्व कलेक्टर कार्यालय परिसर में स्थापित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे और रायगढ़ को 465 करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्यों की सौगात देंगे। जिनमें 124 करोड़ 52 लाख 86 हजार रुपये की लागत से 55 भूमिपूजन कार्य, 207 करोड़ 4 लाख 49 हजार रुपये की लागत से 53 लोकार्पण कार्य एवं 134 करोड़ 21 लाख 40 हजार रूपये की लागत से 4 शिलान्यास कार्य शामिल है।

मुख्यमंत्री बघेल दूरस्थ अंचलों के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से धरमजयगढ़ एवं पुसौर विकासखण्ड में 58 लाख रुपये से अधिक लागत के 2 हमर लैब का लोकार्पण करेंगे। इसी के साथ ही जिला चिकित्सालय रायगढ़ में सस्ती दवा दुकान धन्वंतरि मेडिकल का भी शुभारंभ करेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के मार्गदर्शन और उन्हें तैयारी के अनुकूल माहौल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से घरघोड़ा में मुख्यमंत्री युवा केन्द्र में सुविधाओं का विस्तार किया गया है, यहां के उन्नयन कार्यों का भी लोकार्पण उनके द्वारा किया जायेगा। रायगढ़ में संचालित जिला ग्रन्थालय का उन्नयन करते हुए हाईटेक बनाया गया है और छात्रों के लिए आवश्यक सुविधाएं बढ़ायी गयी है। जिसका लोकार्पण मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करेंगे।

इसी तरह अन्य लोकार्पण, भूमिपूजन एवं शिलान्यास के तहत निर्माण विभागों के 186 करोड़ 39 लाख रुपये की लागत से 62 कार्य शामिल है। जिसमें सड़कों, स्कूल भवन व अन्य भवनों के निर्माण और जीर्णोद्धार/उन्नयन कार्य शामिल है। नगर पालिक निगम रायगढ़ अंतर्गत 14 करोड़ 39 लाख 71 हजार रुपये की लागत के सड़क सुधार कार्य, वार्डो में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य शामिल है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत 38 करोड़ 24 लाख 70 हजार रुपये की लागत के कार्य शामिल है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतर्गत 107 करोड़ 68 लाख 20 हजार रूपये की लागत से 27 समूह नलजल, सोलर आधारित नलजल कार्य शामिल है। परिवहन विभाग अंतर्गत 95 लाख 95 हजार रुपये की लागत से जिला परिवहन कार्यालय का भूमिपूजन कार्य शामिल है। वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग अंतर्गत 4 करोड़ 58 लाख 63 हजार रुपये की लागत से 12 कार्य शामिल है। आदिवासी विकास विभाग अंतर्गत 4 करोड़ 68 लाख 70 हजार रुपये की लागत से 3 जगहों पर 50 सीटर प्री.मै.आदिवासी बालक छात्रावास तथा लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग अंतर्गत 108 करोड़ 25 लाख रुपये की लागत से 5 पुल निर्माण कार्य शामिल है।

**शुभारंभ कार्यक्रम की ये रहेगी रूपरेखा-** राष्ट्रीय रामायण महोत्सव शुभारंभ के पहले दिन 1 जून को अपरान्ह 3 बजे से मुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथियों का मंच पर आगमन होगा। तत्पश्चात दीप प्रज्जवल एवं राजगीत तथा स्थानीय कलाकारों एवं पंडित/पुरोहितों के द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। साथ ही आमंत्रित विदेशी एवं अंतराज्यीय कलाकारों के द्वारा मार्च पास्ट होगा। शाम 4.30 से 5 बजे तक कम्बोडिया विदेशी दल की प्रस्तुति होगी। शाम 5.15 से 7.30 बजे तक अंतराज्जीय रामायण मंडलियों के मध्य अरण्यकाण्ड पर आधारित प्रतियोगिता होगी जिसमें उत्तराखंड, कर्नाटक एवं छत्तीसगढ़ की टीम शामिल होगी। रात्रि 7.30 से 9 बजे तक राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार (इंडियन आइडल)सण्मुख प्रिया भजन संध्या की प्रस्तुति देंगी एवं रात्रि 9 से 10.30 बजे तक राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार (सारेगामा फेम)शरद शर्मा भजन संध्या की प्रस्तुति देंगे।

### राष्ट्रीय रामायण महोत्सव में शामिल होने कंबोडिया और इंडोनेशिया की टीमें पहुंची रायगढ़

राष्ट्रीय रामायण महोत्सव में देश में प्रचलित रामायण के स्वरूप का मंचन छत्तीसगढ़ की धरा पर करने विदेशी मेहमान रायगढ़ पहुंच गए हैं। कंबोडिया और इंडोनेशिया के दल आज सुबह 9 बजे रायपुर एयरपोर्ट पहुंचे। जहां से ये दोपहर 3.30 बजे रायगढ़ पहुंचे। कंबोडिया के दल में 12 कलाकार हैं वहीं इंडोनेशिया के दल में 15 कलाकार शामिल हैं। रायगढ़ पहुंचे विदेशी कलाकारों का पारंपरिक छत्तीसगढिय़ा तरीके से स्वागत किया गया। कलाकार भी राम के ननिहाल में प्रस्तुति देने के लिए खासे उत्साहित नजर आए। गौरतलब है कि कंबोडिया के दल की प्रस्तुति 01 जून को होगी। वहीं इंडोनेशिया के दल द्वारा 03 जून को रामायण प्रसंग का मंचन किया जाएगा।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनान्तर्गत 30 जून तक आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री युवा स्व-रोजगार योजना के अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए है। इच्छुक आवेदक अपना आवेदन समस्त दस्तावेजों के साथ दो प्रतियों में अंतिम तिथि 30 जून 2023 तक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, रायगढ़ में जमा कर सकते है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए कार्यालयीन दिवस एवं समय में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायगढ़ एवं दूरभाष क्रमांक 07762-222914 में संपर्क कर सकते है। मुख्यमंत्री युवा स्व-रोजगार योजना हेतु जिन आवेदकों की आयु 18 से 35 वर्ष के मध्य (अजा/अजजा/अपि वर्ग/महिला/नि:शक्तजन/नक्शल प्रभावित/सेवानिवृत्त सैनिक की आयु में 5 वर्ष की छूट)की पात्रता है। इन योजनाओं के अंतर्गत आवेदन दो प्रतियों में जमा कर सकते है। योजना अंतर्गत अधिकतम स्वीकार्य लागत निर्माण/उद्योग इकाईयों हेतु 25 लाख, सेवा इकाई हेतु 10 लाख एवं व्यवसाय हेतु 2 लाख है। लाभार्थी को न्यूनतम आठवीं कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। उद्योग एवं सेवा परियोजना में स्वीकृत ऋण पर लगने वाला बैंक गारंटी शुल्क तथा आगामी 4 वर्षो के लिए अधिरोपित वार्षिक सेवा शुल्क का भुगतान शासन द्वारा दिया जाएगा। नियमानुसार ब्याज अनुदान एवं मार्जिन मनी अनुदान देय होगा। कोई भी व्यक्ति अथवा उनके परिवार के सदस्य जो पूर्व में भारत सरकार या राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत अनुदान प्राप्त कर लाभान्वित हुए है उनके लिए इस योजना में पात्रता नहीं होगी।

### असामयिक मृत्यु पर सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** तहसील पुसौर अंतर्गत ग्राम-मिड़मिड़ा निवासी बुधकुंवर चौहान की 13 दिसम्बर 2022 को तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु होने पर कलेक्टर के अनुमोदन पश्चात एसडीएम रायगढ़ द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के संशोधित प्रावधान अनुसार मृतक के नजदीकी वारिसान अनिता चौहान को 4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने समय सीमा की बैठक ली

**सारंगढ़ बिलाईगढ़ ।** कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने चावल उपार्जन, खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम एवं एफसीआई में सामान्य तथा फोर्टिफिएड चावल जमा, रासायनिक खाद विक्रय, बचत, भंडारण, बीज, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक, धन्वन्तरी मेडिकल स्टोर, जल जीवन मिशन, मनरेगा, रीपा, गोधन न्याय योजना के बारे में जानकारी ली और निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास, राजस्व और स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों से आंगनबाड़ी से लेकर स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र के प्रगति के संबंध में चर्चा की। डॉ. सिद्दीकी ने जिले के सभी विभाग प्रमुखों को कहा कि जिले में उत्पादित स्टेशनरी सामग्री और गोबर पेन्ट का उपयोग जिले के सभी कार्यालयों में होनी चाहिए। जिले में बाढ़ राहत केन्द्र एवं राहत कैम्प के लिए अधिकारियों को राजस्व एवं आपदा प्रबंध के संबंध में निर्देश दिए।

## चोरी की स्कूटी बेचने के फिराक में पकड़ा गया युवक, स्टेशन चौक पर कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार



**रायगढ़।** कोतवाली पुलिस द्वारा रेलवे स्टेशन के पास एक युवक को चोरी की स्कुटी को अपनी बताकर सेकंड हैंड सस्ते दाम में बेचने के लिए कुछ लोगों से सौदा तय करते समय पकड़ा गया है। दरअसल थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे को मुखबिर से युवक के संबंध में सूचना मिला था। थाना प्रभारी द्वारा थाने के स्टाफ को स्टेशन चौक जाकर तस्दीक करने का निर्देश दिए। कोतवाली स्टाफ द्वारा रेलवे स्टेशन के बाहर चौंक पर स्कूटी बेचने के लिये लोगों से चर्चा करने वाले संदिग्ध युवक रोशन शर्मा उर्फ मुसद्दी निवासी गुजराती पारा जयराम कॉलोनी को हिरासत में लेकर रेलवे स्टेशन चौक पर स्थित पुलिस सहायता केंद्र पर ले गई जिससे स्कूटी के संबंध में कड़ी पूछताछ करने पर रोशन शर्मा बताया कि 2 दिन पहले रविवार की रात (28 मई) को अपने मोहल्ले गुजराती पारा में एक घर के बाहर खड़ी लाल रंग की स्कूटी को चोरी कर सोनुमुड़ा काली मंदिर के पास छुपा कर रखा है जिसे बेचने के लिए अपने परिचित लोगों से सौदा कर रहा था। थाना कोतवाली में स्कूटी मालिक राधेश्याम गुप्ता निवासी द्वारा गुजराती पारा जयराम कॉलोनी उनके स्कूटी होंडा एक्टिवा क्रमांक सीजी 13 वाई 7928 के चोरी की रिपोर्ट 29 मई को थाना कोतवाली में दर्ज कराया गया था। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी रोशन शर्मा उर्फ मुसद्दी पिता राजेंद्र शर्मा उम्र 32 साल निवासी गुजराती पारा जयराम कॉलोनी थाना कोतवाली रायगढ़ के मेमोरेंडम पर चोरी गई लाल रंग की स्कूटी CG 13 Y- 7928 कीमत रु.40,000 को वाहन चोरी के अपराध में बरामद कर आरोपी को चोरी के अपराध में न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। माल, मुलजिम की पतासाजी में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे, प्रधान आरक्षक विक्रम चौरसिया, प्रधान आरक्षक ताराचंद पटेल, आरक्षक जगमोहन लाल ओग्रे, संदीप मिश्रा और नारायण राठिया की प्रमुख भूमिका रही है।

## राष्ट्रीय रामायण महोत्सव के लिए यातायात विभाग ने बनाया रूट चार्ट

**रायगढ़।** रायगढ़ के रामलीला मैदान में 01 से 03 जून तक राष्ट्रीय रामायण महोत्सव का विराट आयोजन होने जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल महोत्सव के शुभारंभ समारोह के लिए 01 जून को रायगढ़ पहुंचेंगे। महोत्सव के सभी कार्यक्रमों में जनसामान्य का प्रवेश पूर्णत: नि:शुल्क होगी। इसके लिए किसी प्रकार की पास की आवश्यकता नहीं होगी। आमजन की सुविधा के मद्देनजर यातायात विभाग ने प्लान बनाया है। कार्यक्रम स्थल/परिक्षेत्र में सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था बनाये रखने हेतु रूट डायवर्ड एवं पार्किंग के लिए कुछ बदलाव किए गए है। ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू रूप हो सके।

रूट चार्ट अनुसार पुराना पुलिस लाईन में माननीय मंत्रीगणो के कारकेड/आमंत्रित अन्य राज्यों के अतिथियों के वाहनों हेतु तैयार किए गए है। इसी तरह नटवर स्कूल में व्हीआईपी एवं कलाकारों के वाहनों की पार्किंग (चार पहिया/बस)की व्यवस्था की गई है। रायगढ़ स्पोट्र्स क्लब में प्रशासनिक/पुलिस राजपत्रित अधिकारियों के चार पहिया वाहनो की पार्किंग,संत माईकल स्कूल/चर्च में आमजन, गणमान्य नागरिकों के (चार पहिया/बस) वाहनो की पार्किंग, सुनील लेन्ध्रा कैंपस में दो पहिया वाहनों की पार्किंग, गांधी गंज में आमजन, गणमान्य नागरिकों के चार पहिया वाहनों की पार्किंग, महिला कॉलेज में आमजन, गणमान्य नागरिकों के चार पहिया वाहनो की पार्किंग की व्यवस्था की गई है। डायवर्सन पाइंट के तहत गौशाला तिराहा में सभी प्रकार के वाहनों के लिए डायवर्ट होकर हण्डी चौक, सत्तीगुढ़ी चौक में सभी प्रकार के वाहनों के लिए डायवर्ट होकर स्टेशन चौक रहेगी।

**पूर्ण प्रतिबंधित मार्ग -** हण्डी चौक, घड़ी चौक, सत्तीगुड़ी चौक और गौशाला तिराहा के मध्य कार्यक्रम दौरान यातायात बंद रहेगा। नो-एण्ट्री में शहर के बाहर चिन्हांकित नो-एण्ट्री पाइंटो में भारी वाहनों का आवागमन 1 से 3 जून 2023 तक दोपहर 1 बजे से रात्रि 11 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा।

**श्रद्धालुओं के लिए धर्मशालाओं में की गई रूकने की व्यवस्था-** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि 1 से 3 जून तक आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय रामायण महोत्सव के दौरान बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए रायगढ़ के पंचायती धर्मशाला, अग्रसेन धर्मशाला, नीलांचल धर्मशाला में रूकने की व्यवस्था की गई है।

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का दौरा कार्यक्रम

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 1 जून को रायगढ़ जिले के प्रवास पर आयेंगे। निर्धारित दौरा कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पूर्वान्ह 11.30 बजे रायपुर से प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे जिंदल एयरस्ट्रीप पतरापाली, रायगढ़ आयेंगे एवं कलेक्टोरेट कार्यालय परिसर रायगढ़ की ओर प्रस्थान करेंगे। मुख्यमंत्री बघेल दोपहर 12.10 बजे कलेक्टोरेट परिसर में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे एवं भूमिपूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री बघेल दोपहर 12.45 बजे बालाजी मेट्रो हास्पिटल के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होंगे एवं दोपहर 1.20 बजे सर्किट हाऊस रायगढ़ के लिए प्रस्थान करेंगे। मुख्यमंत्री बघेल अपरान्ह 3 बजे रामलीला मैदान आयेंगे एवं राष्ट्रीय रामायण महोत्सव उदघाटन कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री बघेल शाम 4.30 बजे रामलीला मैदान रायगढ़ से प्रस्थान कर शाम 4.50 बजे जिंदल एयर स्ट्रीप पतरापाली रायगढ़ आयेंगे एवं स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## जिला एवं तहसील स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित

**रायगढ़।** कलेक्टोरेट भवन रायगढ़ में जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष क्रमांक 19 में स्थापित किया गया है, जिसका फोन नंबर 07762-223750 है। जिला सेनानी नगर सेना रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर सेना के जवानों को बाढ़ नियंत्रण कक्ष में माह जून 2023 से आगामी आदेश पर्यन्त फोन की ड्यूटी करने हेतु आदेशित किया गया है।

कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार माह के 1 तारीख से 15 तारीख तक प्रात:8 बजे से रात्रि 8 बजे तक अजय कुमार कसेर नगर सेना क्रमांक 61 एवं उदय यादव नगर सेना क्रमांक 55 की ड्यूटी लगाई गई है। जिनका मोबाइल नंबर 87704-01242 एवं 7999980919 है। इसी तरह रात्रि 8 बजे से प्रात: 8 बजे तक नगर सेना क्रमांक 266 चैतराम डनसेना एवं नगर सेना क्रमांक 25 केशव प्रसाद यादव की ड्यूटी लगाई गई है। जिनका मोबाइल नंबर 99936-51387 एवं 62687-92334 है। माह के 16 तारीख से माह के अंतिम तारीख तक प्रात: 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक नगर सेना क्रमांक 266 चैतराम डनसेना एवं केशव प्रसाद यादव मोबाइल नंबर 9993651387 एवं 62687-92334 है। इसी तरह रात्रि 8 बजे से प्रात: 8 बजे तक अजय कुमार कसेर एवं उदय यादव की ड्यूटी लगाई गई है।

**तहसीलवार कंट्रोल रूम स्थापित-** रायगढ़ तहसील-07762-222133, पुसौर तहसील 07762-262862, खरसिया-07762-272757, घरघोड़ा-07767-284861, तमनार तहसील-07767-281741, लैलूंगा तहसील-07767-274275, धरमजयगढ़ तहसील 07767-266232 है।

**कंट्रोल रूम प्रभारी नियुक्त-** जिला कार्यालय रायगढ़ में संयुक्त कलेक्टर रायगढ़ धनीराम रात्रे को कंट्रोल रूम प्रभारी बनाया गया है। जिनका मोबाइल नंबर-94241-82893 है। इसी तरह रायगढ़ तहसील में तहसीलदार प्रकाश पटेल मोबा. नं.91094-73606, पुसौर तहसील में तहसीलदार नंदकिशोर सिन्हा मोबा.नं.79873-00466, खरसिया तहसील में नायब तहसीलदार पुष्पेन्द्र कुमार राज मोबा.नं.82699-67979, घरघोड़ा तहसील में तहसीलदार शिवकुमार डनसेना मोबा.नं.79877-12715, तमनार तहसील में प्रभारी तहसीलदार लीलाधर चंद्रा मोबा. नं.83497-21876, लैलूंगा तहसील में प्रभारी तहसीलदार प्रेमा मिंज मोबा. नं.96170-66079, मुकडेगा तहसील में नायब तहसीलदार सुश्री रॉकी एक्का मोबा.नं.87703-40536, धरमजयगढ़ तहसील में तहसीलदार भोजकुमार डहरिया मोबा.नं 75871-52548 एवं छाल तहसील में प्र. तहसीलदार उमेश्वर बाज मोबा. नं.99779-30020 है।

## विश्व तंबाकू दिवस पर निकली जागरूकता रैली, महापौर ने दिखाई रैली को हरी झण्डी

- नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से भी तम्बाकू के हानिकारक दुष्प्रभाव के बारे में दी गई जानकारी




**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में आज राष्ट्रीय तम्बाकू निषेध दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महापौर जानकी काटजू ने जिला चिकित्सालय रायगढ़ से एनएसएस के छात्र-छात्राओं द्वारा निकाली गई रैली को को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह रैली विभिन्न चौक-चौराहों से होते हुए रेलवे स्टेशन पहुंची, जहां अविन्य युवा संगठन के माध्यम से रोको-टोको टीम द्वारा रायगढ़ रेलवे स्टेशन के समीप तम्बाकू निषेध दिवस मनाया गया। इस मौके पर तम्बाकू हमारे पर्यावरण के लिए खतरा विषय पर रैली एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। साथ ही नुक्कड़-नाटकों के माध्यम से जन-जागरूकता में तम्बाकू के प्रति बढ़ते हानिकारक दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी गई।

तम्बाकू निषेध हेतु नुक्कड़ नाटक के प्रदर्शन में जनसामान्य में जन जागरूकता फैलाई गई तथा जनता से अपील किया गया कि वे तम्बाकू से दूर रहे तथा इसके सेवन से बचें एवं अपने परिवार को स्वस्थ एवं सुरक्षित बनायें रखे। नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से जनजागरूकता में तम्बाकू के प्रति बढ़ते हानिकारक दुष्प्रभावों में नियंत्रण कराया गया है एवं किरोड़ीमल शासकीय चिकित्सालय में आम नागरिकों के मध्य एक विशेष संदेश फैलाया गया तथा तम्बाकू के कोटपा एक्ट 2003 की धाराओं के तहत सभी अधिनियमों का पालन करते हुए तम्बाकू एवं सिगरेट की बिक्री तथा प्रचार-प्रसार पर नियंत्रण कराया गया है।

उक्त कार्यक्रम में जिला नोडल अधिकारी डॉ.प्रदीप राठौर, डेंटल सर्जन डॉ.अरूणिमा चौहान, डॉ.मुस्तफा, उमा महंत मीडिया प्रभारी, सुश्री सीमा बरेठ प्रभारी एनटीसीपी व सुश्री दिव्या राजपूत डीएमसी रायगढ़ के सहयोग द्वारा किया गया।

## बेरोजगारी भत्ता : 1.05 लाख से ज्यादा हितग्राहियों के खाते में 32.35 करोड़ रूपए की राशि का किया ऑनलाईन अंतरण

- बेरोजगारी भत्ता देने से ज्यादा खुशी तब होगी जब आपके हाथ में रोजगार होगा - मुख्यमंत्री
- मुख्यमंत्री ने हितग्राहियों को बेरोजगारी भत्ते की द्वितीय किश्त जारी की
- बेरोजगारी भत्ता एक छोटा सा सहयोग है, जिससे युवा प्राप्त कर सकेंगे अपना लक्ष्य

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज बेरोजगारी भत्ते की दूसरी किश्त जारी करते हुए युवाओं से कहा कि आपको बेरोजगारी भत्ते से सहायता मिल रही है, लेकिन मुझे बेरोजगारी भत्ता देने से ज्यादा खुशी तब होगी जब आपके हाथ में रोजगार होगा। सरकारी नौकरी के लिए हम लगातार वेकेंसी निकाल रहे हैं इसके साथ ही आपको कौशल प्रशिक्षण भी दे रहे हैं ताकि आप अपना काम भी शुरू कर सकें। बेरोजगारी भत्ता एक छोटा सा सहयोग भर है, जिसके माध्यम से आप अपना लक्ष्य प्राप्त कर सकें।

मुख्यमंत्री ने आज यहां अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बेरोजगारी भत्ता योजना के एक लाख 5 हजार 395 हितग्राहियों के खाते में 32 करोड़ 35 लाख 25 हजार रूपए की राशि का ऑनलाईन अंतरण किया। इन हितग्राहियों में 66 हजार 185 हितग्राहियों को, जिन्हें माह अप्रैल में प्रथम किश्त की राशि जारी की गई थी, उन्हें आज द्वितीय किश्त के रूप में 16 करोड़ 54 लाख 62 हजार 500 रूपए, 24 हजार 15 हितग्राहियों को जिन्होंने 30 अप्रैल 2023 तक आवेदन किया था, उन्हें माह अप्रैल और मई दोनों माह की बेरोजगारी भत्ते की किश्त के रूप में 12 करोड़ 75 हजार रूपए की राशि जारी की गई। इसी प्रकार 15 हजार 195 हितग्राहियों को जिन्होंने मई 2023 में आवेदन किया था उन्हें आज प्रथम किश्त की राशि के रूप में 3 करोड़ 79 लाख 87 हजार 500 रूपए की राशि जारी की गई। बेरोजगारी भत्ता योजना के हितग्राहियों को प्रथम और द्वितीय किश्त के रूप में कुल 48 करोड़ 89 लाख 87 हजार 500 रूपए की राशि जारी की गई है।

कार्यक्रम में तकनीकी शिक्षा मंत्री उमेश पटेल, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, कौशल विकास एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. आलोक शुक्ला, सचिव तकनीकी शिक्षा टोपेश्वर वर्मा, सचिव कौशल विकास शम्मी आबिदी, संचालक रोजगार एवं प्रशिक्षण अवनीश शरण भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री बघेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बेरोजगारी भत्ते की प्रथम किश्त के वितरण के समय पिछले कार्यक्रम में मैंने कहा था रोक हटते ही अखबार नौकरियों के विज्ञापन से भरे होंगे, आज हमने अपना वादा निभाया है। आज विभिन्न विभागों में लगातार भर्तियों के विज्ञापन निकल रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाज में हर वर्ग के लोग रहते हैं। कुछ लोग मजदूरी करते है, तो कुछ लोग खेती-किसानी, तो कुछ लोग छोटा-मोटा व्यवसाय करते हैं। सभी की आर्थिक स्थिति एक समान नहीं होती। इन परिवारों के युवाओं को लगता है कि माता-पिता ने हमें लिखा-पढ़ा दिया लेकिन हम माता-पिता पर आश्रित हैं। ऐसे युवाओं के लिए बेरोजगारी भत्ते के रूप में मिलने वाली 2500 रूपए की राशि उनके लिए बड़ा सहारा है। इस राशि से प्रतियोगी परीक्षा के लिए किताब खरीदने आदि कार्यों में मदद मिलती है। राज्य सरकार ने व्यापम, पीएससी की परीक्षाओं में युवाओं की परीक्षा फीस माफ कर दी हैं। इससे इन परिवारों का आर्थिक बोझ कम हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को कौशल प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है ताकि वे स्वरोजगार और रोजगार के लिए तैयार हो सकें। रीपा में छोटे-छोटे कुटीर उद्योगों के जरिए रोजगार के साधन उपलब्ध कराएं जा रहे हैं। रोजगार और स्व-रोजगार के अवसरों के अधिक से अधिक अवसर पैदा करने सुराजी गांव योजना, गोधन न्याय योजना, रीपा योजना, कृषि और वन आधारित उद्योगों की स्थापना, कृषि और वनोपजों का प्रसंस्करण और वैल्यू एडीशन, सी-मार्ट की स्थापना, रोजगारोन्मुखी स्कूली शिक्षा की शुरुआत जैसे अनेक कदम राज्य सरकार द्वारा उठाए गए हैं। इन प्रयासों से छत्तीसगढ़ आज देश में न्यूनतम बेरोजगारी दर वाला राज्य है, हमारी कोशिश है कि छत्तीसगढ़ की यह पहचान आगे भी बनी रहे।

तकनीकी शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने युवाओं से बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था, जिसे उन्होंने पूरा कर दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के अच्छे वित्तीय प्रबंधन के द्वारा ही जनता से किए वादों को पूरा करने में हम सफल रहे हैं। कौशल विकास एवं तकनीकी शिक्षा के प्रमुख सचिव, डॉ. आलोक शुक्ला ने स्वागत भाषण देते हुए बताया कि बेरोजगारी भत्ता प्राप्त कर रहे 1701 युवाओं का लाइवलीहुड कालेज सहित 33 संस्थानों में कौशल प्रशिक्षण आरंभ हो चुका है। उन्होंने बताया कि विभिन्न विभागों के 22,154 पदों पर भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है तथा 972 पदों के लिए नियुक्ति आदेश जारी हो गए हैं।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480